POLICE COMMISSIONERATE
GAUTAM BUDH NAGAR
सराहनीय कार्य /प्रेस विज्ञप्ति - दिनाकं 30.04.2025

1.थाना साइबर क्राइम नोएडा पुलिस द्वारा डिजिटल अरेस्ट कर लाखों रुपए की धोखाधड़ी/ठगी करने वाले गैंग का 01 साइबर अभियुक्त गिरफ्तार।

कार्यवाही का विवरण-- दिनांक 30.04.2025 को साइबर क्राइम थाना नोएडा द्वारा लोकल इंटेलिजेंस एवं गोपनीय सूचना के आधार पर कार्यवाही करते हुये वादिया को डिजिटल अरेस्ट कर 8416979 रुपए की धोखाधड़ी/ठगी करने वाले बैंक कर्मी सोनू पाल पुत्र चंद्र प्रकाश निवासी धनाश सेक्टर 14, वेस्ट चंडीगढ़ स्थायी पता ग्राम दलावल पोस्ट सामोली जनपद सीतापुर उत्तर प्रदेश करीब 30 वर्ष को मोहाली पंजाब से **गिरफ्तार** किया गया है।

घटना का संक्षिप्त विवरण-- वादिया द्वारा दी गयी तहरीर के आधार पर मु0अ0सं0-0055/2024 धारा 419,420 भादवि व 66 डी आई.टी.एक्ट थाना साइबर क्राइम नोएडा पर पंजीकृत किया गया। जिसमें साइबर अपराधी द्वारा पीडिता को फेडेक्स कोरियर कंपनी के नाम पर पार्सल में 5 ट्रैवलिंग पासपोर्ट, 3 क्रेडिट कार्ड, 1 लैपटप, 4 किलो कपड़े, 200 ग्राम एमडीएमए व 35,000/ रूपए नकद बताते हुए पीडिता को डराकर तथा मनी लांड्रिंग का केस होने का आरोप लगाकर 84,16,979 रुपए की धोखाधड़ी की गयी। विवेचना के क्रम मे कार्यवाही करते हुए धोखाधड़ी मे लिप्त संदिग्ध बैंक खातो को तत्काल फ्रीज़ कराया गया है।

पूछताछ का विवरण-- अभियुक्त ने पूछताछ करने पर बताया कि वह IDFC FIRST BANK DIS-SAS NAGAR पंजाब मे करंट खाते खुलवाने का कार्य करता है, इसी क्रम मे अभियुक्त ने धोखाधड़ी पूर्वक खाताधारक का खाता खुलवा लिया और फिर खाते की अंतरिम जानकारी को टेलीग्राम ग्रुप के माध्यम से विदेशी नागरिक को भेज दिया, दिनांक 25/06/2024 को पीडिता/वादिनी के लगभग 69,78,894 लाख रुपये धोखाधड़ी के इस बैक खाते मे प्राप्त हुए जिसमे अभियुक्त सोनू पाल उपरोक्त को साइबर अपराधियों से 02 लाख रुपये का कमीशन मिला।

नोट-- मुकदमा उपरोक्त मे वादिया के साथ हुई धोखाधड़ी की 21 लाख रुपये फ्रीज़ कराकर 16 लाख रिफन्ड कराए जा चुके है,अन्य की वापसी की कार्यवाही प्रचलित है।
अभियुक्त द्वारा ओपन कराए गए बैंक खाते को एनसीआरपी पोर्टल पर चैक करने पर कुल 41 शिकायते (महाराष्ट्र- 07, कर्नाटक 06 , तलेगाना- 05, केरल 04, बिहार 03, गुजरात- 03, उत्तर प्रदेश- 03, हरियाणा 02, मध्य प्रदेश 02, तमिलनाडु 02, आंध्र प्रदेश 01, नागालैंड -01, पंजाब- 01, वेस्ट बंगाल- 01) दर्ज पाई गई है, जिसके संबंध मे आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है, उपरोक्त अभियोग मे अभी तक पूर्व मे कुल 04 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण--

1. सोनू पाल पुत्र चंद्र प्रकाश धनाश सेक्टर 14, वेस्ट चंडीगढ़ स्थायी पता ग्राम दलावल,सामोली जनपद सीतापुर उत्तर प्रदेश

बरामदगी का विवरण--

1. 01 मोबाईल फोन
2. 12400 रुपये/-

नोट :- साइबर जागरूकता सुझाव बिन्दु —

1. किसी भी अज्ञात व्यक्ति द्वारा वाट्सअप कॉल और video call द्वारा पुलिस की वर्दी पहन कर किये जा रहे कॉल पर यकीन करने से पूर्व उक्त मो0न0 और बताये गये नाम व पद को GOOGLE SEARCH के द्वारा अथवा सम्बन्धित विभाग की वेवसाइट पर उपलब्ध अधिकारियों का और उनकी तैनाती स्थल की जाँच पडताल के बाद ही बतायी जा रही किसी बात का यकीन करें।
2. किये गये What’s app call और video call के विषय में एक बार कोई जानकारी साझा करने से पूर्व उक्त मो0न0 के विषय में निकटवर्ती Cyber cell अथवा सम्बंधित विभाग जैसे नार्कोटिक्स, फेडेक्त कोरियर, CBI आदि विभिन्न संस्थानो के हेल्प डेस्क से भी जॉच पडताल करें।
3. अगर आपके द्वारा कोई भी पार्सल नही भेजा गया है अथवा पार्सल में यदि बताया जा रहा है कि एक पार्सल मिला है जिसमें आपका आधार कार्ड या मो0न0 मिला है उक्त कॉल पर यकीन ना करें वह साइबर क्रिमिनल का कॉल हो सकता है। अगर किसी विधिक कानूनी कार्यवाही की धमकी दी जा रही हो तो घबराये नही तत्काल इस बात की सूचना सम्बन्धित / निकटवर्ती थाने में अवश्य दें।
4. अगर आपके आधार की आई0डी0 /आपके नाम से कोई बैंक खाता खोले जाने की बात कही जा रही हो तो उसे तत्काल ब्लॉक कराने के लिये सम्बन्धित नजदीकी बैंक जाकर उक्त के सम्बन्ध में जानकारी एकत्र कर उक्त बैंक खाते को बन्द कराने की कार्यवाही को अमल में लाया जाये।
5. यदि What’s app call और video call द्वारा आपके खाते में हवाला अथवा मनी लॉन्ड्रिंग से सम्बन्धित धनराशि आने की बात कही जाये तो उक्त कॉल पर यकीन न करें क्योकि कोई भी सरकारी संस्था मनी लान्ड्रिग अथवा हवाले के पैसे के सम्बन्ध में द्वारा दूरभाष अवगत नही कराती है।
6. अगर What’s app call अथवा video call द्वारा आपके खाते की जॉच के उपरान्त कोई पुलिस Clearance certificate की बीत की जाती है तो यह निश्चित तोर पर Cyber Fraudsters आप को गुमराह कर आप के खाते में मौजूद बैंक धनराशि को अपने बैंक खाते में ट्रांसफर कर सकते है।
7. किसी भी अज्ञात व्यक्ति द्वारा यदि आपको What’s app call या video call कर आपको डराया या धमकाया जाता है तो आप इसके सम्बन्ध में अपने घर में मौजूद अन्य सदस्यो अथवा रिश्तेदारो को भी इसके विषय में अवश्य जानकारी दें।